# बिहार सरकार
## उद्योग विभाग
## उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना।
## हस्तशिल्प में निःशुल्क प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर

बिहार सरकार, उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना–800013 में संचालित होनेवाले निम्न परम्परागत हस्तशिल्पों में 03 माह (जनवरी से मार्च, 2026) के निःशुल्क बेसिक प्रशिक्षण एवं 03 माह (अप्रैल से जून, 2026) का उच्च प्रशिक्षण हेतु युवक/युवतियों से आवेदन आमंत्रित है :–

**विशेष आकर्षण**

- निःशुल्क प्रशिक्षण एवं निःशुल्क प्रशिक्षण सामग्री दी जायेगी।
- प्रति माह 1000 रूपया की छात्रवृति
- पटना नगर निगम क्षेत्र से बाहर के 110 महिला प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास आवंटित होने की स्थिति में भोजन एवं अल्पाहार हेतु प्रति माह 1500.00 (पन्द्रह सौ) रूपया की राशि अलग से दी जायेगी।
- पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है।
- पटना नगर निगम क्षेत्र से बाहर के पुरूष प्रशिक्षणार्थियों को आवासीय एवं भोजन आदि हेतु उपस्थिति के आधार पर प्रतिमाह 2000.00 (दो हजार) रूपया की राशि दी जायेगी।

| क्र0 | शाखा का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मधुबनी (मिथिला) पेंटिंग | 50 |
| 2 | टिकुली पेंटिंग | 25 |
| 3 | मंजुषा पेंटिंग | 25 |
| 4 | पेपरमैशी शिल्प | 20 |
| 5 | मृणमय (टेराकोटा) | 20 |
| 6 | एप्लिक/कशीदाकारी | 20 |
| 7 | काष्ठ तक्षण/काष्ठ खिलौना | 20 |
| 8 | रंगाई छपाई (ब्लॉक प्रिंटिंग) | 20 |
| 9 | चर्म शिल्प | 20 |
| 10 | सुत बुनाई | 20 |
| 11. | पाषाण (स्टोन) शिल्प | 20 |
| 12 | मेटल क्राफ्ट | 20 |
| 13 | सिक्की कला | 20 |
| 14 | सेरामिक शाखा | 20 |
| 15 | वेणु शिल्प | 20 |
| 16 | सुजनी शाखा | 20 |
| 17 | गुड़िया शाखा | 20 |
| 18 | जूट शाखा | 20 |
| | कुलः– | 400 |

**पात्रता**

- आवेदक/आवेदिका की शैक्षणिक योग्यता सप्तम वर्ग उत्तीर्ण होना चाहिये।
- उम्र–आवेदक/आवेदिका की आयु सीमा 22 से 45 वर्ष के बीच होना चाहिये। आयु का निर्धारण दिनांक 01.01.2026 से किया जायेगा।
- संस्थान में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके आवेदक/आवेदिका का चयन किया जायेगा। परन्तु कोई लाभ देय नहीं होगी।
- उच्च प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थी की बेसिक प्रशिक्षण में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।
- **प्रायोगिक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन तिथि** 29.12.2025 से 30.12.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे
  स्थलः–
  उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना।

❖ किसी भी शाखा में 05 से कम प्रशिक्षणार्थी की संख्या रहने पर उस शाखा को शुरू नहीं किया जाएगा।

❖ आवेदक/आवेदिका अपना आवेदन संस्थान के वेबसाईट www.umsas.org.in पर ऑनलाईन करेंगे।

❖ प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रायोगिक/योग्यता प्रमाण–पत्र की जाँच के आधार पर किया जायेगा। दिनांक 29.12.2025 से 30.12.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से संस्थान के संबंधित शाखाओं में आवेदक/आवेदिकाओं का प्रायोगिक/साक्षात्कार परीक्षा ली जायेगी, जिसमें सभी प्रमाण–पत्रों यथा आवासीय, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति की एक कॉपी के साथ उपस्थिति अनिवार्य है।

❖ चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण सत्र 01 जनवरी, 2026 से प्रारम्भ होगा। विशेष जानकारी संस्थान के **Website:** www.umsas.org.in पर प्राप्त की जा सकती है।

❖ आवेदक/आवेदिका को बिहार के निवासी होने का कोई प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य होगा।

❖ ऑनलाईन आवेदन दिनांक 25.11.2025 से 25.12.2025 तक स्वीकृत किया जायेगा।

उप विकास पदाधिकारी
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना।